पंजाब केसरी 11/09/2025

# युवा रैडक्रॉस सोसायटी के ओरिएंटेशन कार्यक्रम पर रिपोर्ट

अम्बाला, 10 सितम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी में युवा रैडक्रॉस, वाई.आर.सी. सोसायटी का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को युवा रैडक्रॉस के उद्देश्यों, गतिविधियों और महत्व से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त और वाई.आर.सी. संयोजक डा. राकेश कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वाई.आर.सी. की भूमिका को मानवीय मूल्यों और सामाजिक सेवा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण बताया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी व अन्य स्टाफ सदस्य। (चंद्रमोहन)

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में वाई.आर.सी. के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया, जिनमें युवा रैडक्रॉस का इतिहास, रक्तदान-शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, महत्वपूर्ण दिवसों का उत्सव और प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल थे। इस अवसर पर डा. रोहित दत्त ने कहा कि युवा रैडक्रॉस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो युवाओं में सेवा और करुणा की भावना का संचार करता है।

कार्यक्रम में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न सांझा किए और भविष्य में वाई.आर.सी. की गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने की उत्सुकता व्यक्त की।

यह ओरिएंटेशन विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ, जिसने उन्हें रैडक्रॉस के सिद्धांतों को अपनाने और समाज की भलाई के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।